उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7

UJALASPEEDNEWS

24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, बुधवार, 21 अक्टूबर 2026 ई-पेपर पेज 1 / 1

देश

डी. एम. एवं एस. एस. पी. बुलन्दशहर द्वारा थाना खुर्जा नगर क्षेत्रान्तर्गत दशहरा पर्व के दृष्टिगत रामलीला मैदान का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा।



संवाददाता अनिल कुमार चौहान उत्तर प्रदेश के जनपद बुलंदशहर में जिलाधिकारी श्री कुमार हर्ष एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा थाना खुर्जा नगर क्षेत्रान्तर्गत दशहरा पर्व के दृष्टिगत रामलीला मैदान का निरीक्षण किया गया। इस दौरान रामलीला आयोजन के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए आयोजन स्थल पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा रामलीला मैदान में श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था तथा आयोजन स्थल पर पुलिस प्रबंधों का जायजा लिया गया। साथ ही आयोजन में सम्मिलित होने वाले लोगों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया, जिससे कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो तथा आमजन को आवागमन में असुविधा का सामना न करना पड़े।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर दिनेश कुमार सिंह द्वारा आयोजन स्थल पर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों की तैनाती एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया।

एक नज़र में

खुर्जा विधानसभा में नेशनल भ्रष्टाचार मुक्त पार्टी की बैठक आयोजित।
पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

खुर्जा विधानसभा में नेशनल भ्रष्टाचार मुक्त पार्टी की बैठक आयोजित।



संवाददाता धर्मवीर सिंह खुर्जा विधानसभा क्षेत्र के ऊँचा गाँव में 19 अक्टूबर को नेशनल भ्रष्टाचार मुक्त पार्टी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामवासियों ने पार्टी को अपना समर्थन देने की बात कही। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुंदर सिंह दिवाई, विधानसभा अध्यक्ष मेघराज सिंह, शिकारपुर विधानसभा अध्यक्ष धर्मवीर सिंह, मेरठ मंडल अध्यक्ष गुलाब सिंह, खुर्जा नगर अध्यक्ष गोपाल शर्मा, नीतीश कुमार गौतम सहित अनेक पदाधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे। बैठक में संजीव शर्मा, हर्षारोप शर्मा, लक्ष्मीनारायण गौड़ और दिनेश रघुवंशी समेत कई गणमान्य लोगों ने भी सहभागिता की। वक्ताओं ने पार्टी के उद्देश्यों और संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया गया।